समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# टैरिफ भी नहीं रोक पाया ग्रोथ, इस साल जापान को पछाड़ दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने वाला है भारत !

Publisher

Published on 22 May 2025




## भारत 2025 मे बंनेगा चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ? RBI की रिपोर्ट मे दांवा।

**नई दिल्ली, 22 मई 2025: भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने अपनी हालिया मंथली रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत जल्द ही **जापान** को पछाड़कर दुनिया की **चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** बन सकता है। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आ रही है जब वैश्विक स्तर पर **टैरिफ वॉर, अर्थव्यवस्था** में **अनिश्चितता** और **भू-राजनीतिक संकट** छाए हुए हैं।

**नीतिगत बदलावों और घरेलू मजबूती से बनी ग्रोथ की रफ्तार**

**RBI** ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि **वैश्विक संकटों** के बावजूद भारत की **विकास यात्रा** सकारात्मक बनी हुई है।
विशेष रूप से अ**प्रैल 2025** में **औद्योगिक उत्पादन** और **सेवा क्षेत्र** में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए **RBI** ने बताया कि भारत की **आर्थिक रफ्तार** इतनी तेज है कि वह इस साल जापान को पीछे छोड़ सकता है।

**टैरिफ संकट के बीच मार्केट मे सुंधार**

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि **अमेरिकी टैरिफ** पर अस्थायी राहत और **भारतीय बैंकिंग** व वित्तीय कंपनियों के अच्छे तिमाही नतीजों ने अप्रैल में बाजार को सुधारने में मदद की। हालांकि जनवरी से मार्च के बीच **वैश्विक टैरिफ दबाव** के चलते बाजार पर बुरा असर पड़ा था, लेकिन अप्रैल के मध्य तक स्थितियों में सकारात्मक बदलाव देखा गया।

**रबी की बंपर फसल और ग्रामीण खपत मे उंछाल**

**RBI** की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस बार रबी फसल की बंपर पैदावार और सामान्य से बेहतर मॉनसून के चलते ग्रामीण मांग में इजाफा होने की उम्मीद है। इससे भारत की घरेलू खपत मजबूत होगी और आर्थिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी।

**वैश्विक कनेक्टिविटी मे भारत की भूमिका बढ़ी**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत आने वाले समय में वैश्विक व्यापार के पुनर्संरचना में एक कनेक्टर देश के रूप में उभरेगा, खासकर तकनीकी, डिजिटल सेवाओं और फार्मा सेक्टर में।

**औद्योगिक नीतियों मे सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेटं** और **डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन भारत की वैश्विक स्थिति** को और मजबूत कर रहे हैं।

**चुनौतियों के बावजूद आत्मविश्वास से भरपूर भारत**

**RBI** ने यह स्पष्ट किया कि हालांकि वैश्विक स्तर पर गंभीर **आर्थिक** और **राजनीतिक चुनौतियां** बनी हुई हैं, लेकिन भारत उन चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। देश का **आत्मविश्वास, नीतिगत स्थिरता** और **वैश्विक अवसरों** का लाभ उठाने की क्षमता भारत को **ग्लोबल ग्रोथ का इंजन** बना सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.